# अध्याय - 3 नात्सीवाद और हिटलर का उदय

## स्मरणीय तथ्य

- हिटलर जर्मनी को दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनाना चाहता था।
- वह पूरे यूरोप को जीत लेना चाहता था।
- उसने यहुदियों को मरवाया था।
- मित्र राष्ट्रों का नेतृत्व शुरू में ब्रिटेन और फ्रांस के हाथों में था। 1941 ई. में सोवियत संघ और अमेरिका भी इस गठबंधन में शामिल हो गये।
- धुरी शक्तियों में - जर्मनी, इटली और जापान था।
- जर्मनी ने लगभग 60 लाख यहूदी, 2 लाख जिप्सी और 10 लाख पोलैंड के नागरिकों को मार डाला।
- प्रथम विश्वयुद्ध जर्मनी ऑस्ट्रियाई साम्राज्य और तुर्की के साथ मिलकर मित्र राष्ट्रों (इंगलैण्ड, फ्रांस और रूस) के खिलाफ लड़ा, जिसमें मित्र राष्ट्रों की जीत हुई।
- प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी की पराजय के बाद वहाँ के सम्राट ने पदत्याग दिया।
- नई व्यवस्था में जर्मन संसद (राइखस्टाग) के लिये जनप्रतिनिधियों का चुनाव किया जाने लगा।
- सार्वभौमिक मताधिकार द्वारा वाइमर गणराज्य का चुनाव हुआ।
- यूरोप जो पहले कर्ज देने वालों का महाद्वीप कहलाता था। प्रथम विश्वयुद्ध के बाद कर्जदारों का महाद्वीप बन गया।
- जर्मनी के आर्थिक संकट को दूर करने के लिये, अमेरिका ने 'डॉव्स योजना' के तहत हर्जाने की शर्तों को दोबारा तय किया।
- 1924 ई. से 1928 ई. तक जर्मनी की स्थिति स्थिर रही। यह स्थिरता अमेरिका से लिये गये अल्पकालिक कर्जों पर आश्रित था।
- 1929 ई. में वॉल स्ट्रीट एक्सचेंज (अमेरिकी) के धाराशायी होने से जर्मनी को मिल रही आर्थिक मदद बंद हो गई।
- आर्थिक मंदी की वजह से जर्मनी में 60 लाख लोग बेरोजगार हो गये।
- लोकतांत्रिक संसदीय व्यवस्था में लोगों का विश्वास खत्म होने लगा।
- हिटलर प्रथम विश्वयुद्ध में संदेशवाहक का काम किया,कार्पोरल बना और बहादुरी के लिये कुछ तमगे भी हासिल किया।
- हिटलर, जर्मनी की पराजय से दु:खी था, किंतु वर्साय की संधि ने उसे आग-बबूला कर दिया।
- हिटलर ने राजनीति की एक नई शैली रची। वह लोगों को गोलबंद करने के लिये आडंबर और प्रदर्शन की अहमियत समझता था।
- उसने बड़ी-बड़ी रैलियाँ और जनसभाएँ आयोजित की।
- नात्सियों ने अपने धुआँधार प्रचार के जरिए हिटलर को एक मसीहा, एक रक्षक, एक अवतार के रूप में पेश किया।
- 30 जनवरी 1933 ई. को राष्ट्रपति हिंडनबर्ग ने हिटलर को चांसलर का पदभार संभालने का न्यौता दिया।
- जब सितंबर 1939 ई. में जर्मनी ने पॉलैण्ड पर हमला किया तब, पॉलैण्ड के समर्थन में फ्रांस और इंगलैण्ड जर्मनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। इस तरह से द्वितीय विश्वयुद्ध प्रारंभ हो गया।
- यूरोप के ज्यादातर देशों में नात्सी जर्मनी का समर्थन करने वाली कठपुतली सरकारें बिठा दी गई।
- 1940 ई. के अंत में हिटलर अपनी ताकत के शिखर पर था।
- किंतु सोवियत लाल सेना ने स्तालिनग्राद में जर्मनी की सेना को हराया साथ ही वे बर्लिन तक पहुँच गये।
- नात्सी विचारधारा में सभी समाजों को बराबरी का हक नहीं था। नॉर्डिक जर्मन आर्य सबसे ऊपरी तथा यहूदी सबसे निचली पायदान पर था।
- 1939 ई.-45 ई. में यहूदियों को इकट्ठा करके पोलैण्ड में बनाए गए गैस चेंबरों में ले जाकर मार देने की रणनीति अपनाई गई।
- शक्तिशाली नात्सी समाज की स्थापना के लिये बच्चों को नात्सी विचारधारा की घुट्टी पिलाया गया।
- पहले यहूदी बच्चों को जर्मन बच्चों से अलग बैठाया गया, उसके बाद उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया और 1940 ई. के दशक में तो उन्हें गैस चैंबर में डालकर मार दिया जाने लगा।
- जर्मनी में बच्चों को नात्सी विचारधारा का पाठ पढ़ाने के लिये 10 साल की उम्र में युंगफोक में दाखिला करा दिया जाता था।
- 14 वर्ष के बच्चों को हिटलर यूथ की सदस्यता लेनी पड़ती थी। 18 वर्ष की उम्र में लेबर सर्विस में शामिल होकर सेना में काम करना पड़ता था।
- नात्सी यूथ लीग को बाद में हिटलर यूथ के नाम से जाना गया।
- नात्सी विचार के अनुसार लड़कों को आक्रामक, मर्दाना और पत्थरदिल होना चाहिए जबकि औरतें बुनियादी तौर पर मर्दों से भिन्न होती हैं।
- नात्सियों द्वारा सामूहिक हत्याओं को विशेष व्यवहार, अंतिम समाधान (यहूदियों के संदर्भ में), यूथनेजिया (विकलांगों के लिये) चयन और संक्रमण-मुक्ति आदि शब्दों से व्यक्त किया जाता था।
- गैस चेंबर स्नानघर जैसे दिखाई देते थे। नात्सी लोगों ने सभी को इस बात का अहसास कराते थे कि उनकी समस्याओं को सिर्फ हिटलर ही हल कर सकते हैं।
- बहुत सारे लोग नात्सी शब्दाडम्बर और धुआँधार प्रचार का शिकार हो गये और वे दुनिया को नात्सी नजरों से देखने लगे।

- एक समय बाद यहूदी भी अपने बारे में नात्सियों द्वारा फैलाई जा रही रूढ़ छवियों पर यकीन करने लगे। अपने सपनों में उन्हें भी अपनी नाक आगे से मुड़ी हुई दिखने लगी थी।
- महात्मा गांधीजी ने हिटलर को पत्र लिखकर द्वितीय विश्वयुद्ध को बंद करने की गुहार लगाई थी।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. हिटलर किस देश से संबंधित है?**
a. जर्मनी b. इटली
c. जापान d. इंग्लैण्ड

**2. द्वितीय विश्वयुद्ध में कब जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के सामने समर्पण किया था?**
a. अप्रैल 1945 ई. b. जून 1945 ई.
c. मई 1945 ई. d. जुलाई 1945 ई.

**3. हिटलर का प्रचार मंत्री कौन था?**
a. मुसोलनी b. पॉल वोन हिनडेनबर्ग
c. ग्योबल्स d. पैपेन

**4. हिटलर, ग्योबल्स तथा अपने परिवार के साथ कब बर्लिन के एक बंकर में आत्महत्या कर लिया था?**
a. अप्रैल 1945 ई. b. मई 1945 ई.
c. जून 1945 ई. d. जुलाई 1945 ई.

**5. निम्नांकित में से कौन मित्र राष्ट्र में शामिल नहीं था?**
a. सोवियत संघ b. अमेरिका
c. फ्रांस d. जापान

**6. निम्नांकित में से कौन धुरी राष्ट्र में शामिल नहीं था?**
a. जर्मनी b. इटली
c. फ्रांस d. जापान

**7. द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ती के बाद किस स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय सैनिक अदालत स्थापित की गई?**
a. लंदन b. पेरिस
c. बर्लिन d. न्यूरेम्बर्ग

**8. जर्मनी ने लगभग कितने यहुदियों का नरसंहार किया?**
a. 60 लाख b. 50 लाख
c. 40 लाख d. 30 लाख

**9. मानसिक एवं शारीरिक रूप से अपंग घोषित किये गये कितने जर्मन नागरिकों की हत्या की गई थी?**
a. लगभग 50,000 b. लगभग 60,000
c. लगभग 70,000 d. लगभग 80000

**10. हिटलर द्वारा स्थापित औषविव्स कत्लखाने में किस विधि से एक साथ हजारों लोगों को मारा जाता था?**
a. फांसी द्वारा। b. पानी में डुबाकर।
c. जहरीली गैस द्वारा। a. सिर काटकर।

**11. न्यूरेम्बर्ग अदालत ने कितने नात्सियों को मौत की सजा सुनाई?**
a. 10 b. 11
c. 12 d. 13

**12. हिटलर की पार्टी के लोगों को क्या कहा जाता था?**
a. नात्सी b. फात्सी
c. नात्सियोणाल d. इनमें से कोई नहीं।।

**13. पहला विश्वयुद्ध कब से कब हुआ?**
a. 1910 ई.-14 ई. b. 1912 ई.-16 ई.
c. 1914 ई.-18 ई. d. 1920 ई.-24 ई.

**14. प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी ने कब मित्र राष्ट्रों के समक्ष समर्पण किया?**
a. अक्टूबर 1918 ई. b. दिसम्बर 1918 ई.
c. नवम्बर 1918 ई. d. सितम्बर 1918 ई.

**15. राइखस्टाग क्या था?**
a. जर्मन संसद b. रूस का संसद
c. इटली की संसद d. इंग्लैण्ड का संसद

**16. मित्र राष्ट्रों के साथ वर्साय में हुई शांति - संधि जर्मनी की जनता के लिए कैसी थी?**
a. फायदेमंद
b. उदासीन
c. कठोर एवं अपमानजनक।
d. इनमें से कोई नहीं।।

**17. वर्साय संधि में जर्मनी ने क्या खोया?**
a. अपने सारे उपनिवेश।
b. तक़रीबन 10% आबादी ।
c. 13 प्रतिशत भू-भाग।
d. उपर्युक्त सभी।

**18. बहुत सारे जर्मनों ने न केवल हार के लिये बल्कि वर्साय में हुए अपमान के लिये किसे जिम्मेवार ठहराते थे?**
a. जर्मन सम्राट b. हिटलर
c. वाइमर गणराज्य d. उपर्युक्त सभी।

**19. मित्र राष्ट्रों ने प्रथम विश्वयुद्ध के कारण हुई तबाही के लिये जर्मनी को जिम्मेदार ठहराया, इसके एवज में उस पर कितने पौंड का जुर्माना लगाया गया?**
a. 16 अरब b. 6 अरब
c. 26 अरब d. 10 अरब

**20. 'नवंबर के अपराधी' कहकर किनका खुलेआम मजाक उड़ाया जाता था?**
a. समाजवादी b. कैथोलिक
c. डेमोक्रेट d. वाइमर गणराज्य

**21. रूस के बोल्शेविक क्रांति की तर्ज पर जर्मनी में कौन पार्टी अपने क्रांतिकारी विद्रोह की योजनाओं को अंजाम देने लगी?**
a. समाजवादी b. कैथोलिक
c. स्पार्टकिस्ट लीग d. इनमें से कोई नहीं।।